हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

04 लापरवाही: 100 पलंग के सिविल अस्पताल...



07 आंगनबाड़ियों के अमले ने मंदिर में बैठक उपरान्त...





### रात में गायब हुआ ट्रेलर, आखिर 15 टन सरिया कहां गायब हुआ और इसके पीछे कौन-कौन शामिल?

# पार्वती पुल निर्माण में 15 टन सरिया गायब ट्रांसपोर्टर-ड्राइवर पर गबन का केस दर्ज


पुलिस के अनुसार निर्माण कार्य के लिए वर्धा (नागपुर, महाराष्ट्र) से 39.62 टन सरिया मंगाया गया था, लेकिन जब ट्रक से माल खाली कराया गया तो 12 से 15 टन तक सरिया कम पाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में पार्वती नदी पर निर्माणाधीन पुल परियोजना में बड़ी हेरा-फेरी सामने आई है।

सीहोर में पार्वती नदी पुल निर्माण के लिए मंगाया गया 39.62 टन सरिया साइट पर पहुंचते ही संदिग्ध हालात में 12 से 15 टन कम निकला। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक और ट्रक चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निर्माण कार्य के लिए वर्धा (नागपुर, महाराष्ट्र) से 39.62 टन सरिया मंगाया गया था, लेकिन जब ट्रक से माल खाली कराया गया तो 12 से 15 टन तक सरिया कम पाया गया। इतने बड़े पैमाने पर कमी सामने आते ही निर्माण स्थल पर हड़कंप मच गया और मामले की शिकायत तत्काल पुलिस को दी गई।

**रात में ट्रेलर गायब, सुबह लौटा ड्राइवर :** फरियादी चोप्पा लोकनाथम नायडू, निवासी भोपाल, ने रिपोर्ट में बताया कि



सरिया चौहान ट्रांसपोर्ट कंपनी, भोपाल के माध्यम से बुलवाया गया था। ट्रेलर क्रमांक MP 04 YJ 6655 को चालक दाऊद खान उर्फ आबिद लेकर साइट पर पहुंचा। तोल कांटा कराने के बाद ट्रक को खाली करने के लिए खड़ा किया गया, लेकिन इसी दौरान चालक बिना सूचना दिए ट्रेलर लेकर चला गया। कर्मचारियों ने आसपास तलाश की, परंतु ट्रक नहीं मिला। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे चालक स्वयं वाहन लेकर लौटा और पूछने पर "खाना खाने जाने" की बात कहकर मामला टालने की कोशिश की।

### माल खाली होते ही खुली बड़ी चोरी की पोल

जब ट्रक से सरिया खाली कराया गया तो वजन में भारी अंतर सामने आया। 39.62 टन की खेप में से 12 से 15 टन सरिया कम निकला। इतने बड़े पैमाने पर माल कम होना सीधे तौर पर सुनियोजित गबन और आपराधिक साजिश की ओर इशारा करता है। माल सप्लायर गोयल ट्रेडर्स के रोहन गोयल से संपर्क किया गया तो उन्होंने ट्रांसपोर्ट मालिक रोबिन सिंह चौहान से बात करने की बात कही, लेकिन उसके बाद भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इससे ठेकेदार को आशंका हुई कि माल की सुनियोजित तरीके से खुर्द-बुर्द की गई है।

### निर्माण कार्य पर पड़ा असर, करोड़ों की परियोजना सवालों में

पार्वती नदी पुल निर्माण परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऐसे में निर्माण सामग्री में इस तरह की हेराफेरी से न केवल कार्य प्रभावित हुआ है बल्कि गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी और निजी परियोजनाओं में इस प्रकार की संगठित चोरी बढ़ सकती है। 12 से 15 टन सरिया की बाजार कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है, जो सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान है।

### ट्रांसपोर्ट मालिक और ड्राइवर पर संगीन धाराओं में केस

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली, जिला सीहोर में अपराध क्रमांक 120/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी चालक दाऊद खान उर्फ आबिद और ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक रोबिन सिंह चौहान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316 (5) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपराधिक विश्वासघात और माल की हेरा-फेरी का प्रतीत होता है। पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है और जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### जल्द गिरफ्तारी के संकेत, पुलिस जांच तेज

कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ट्रेलर की मूवमेंट, सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा रिकॉर्ड और मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है। पुलिस को संदेह है कि सरिया को रास्ते में कहीं उतारकर अवैध रूप से बेचने की साजिश रची गई। जांच अधिकारी सूत्रों के अनुसार, यदि साक्ष्य पुख्ता मिले तो आरोपियों पर और भी गंभीर धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा। सीहोर में सामने आया यह मामला निर्माण सामग्री की सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट सिस्टम की निगरानी पर बड़ा सवाल खड़ा कर गया है। अब सबकी निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर 15 टन सरिया कहां गायब हुआ और इसके पीछे कौन-कौन शामिल है।

## खबर संक्षेप

### ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ, अंतिम तिथि 20

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 20 मार्च 2026 तक चलेगा। सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार और बैंक खाते को मोबाईल नम्बर से लिंक कराकर रखें।

### रबी 2025-26 की गिरदावरी का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण

**सीहोर।** जिले में रबी सीजन 2025-26 की गिरदावरी का कार्य तेजी से जारी है। 26 फरवरी 2026 को प्रातः 8:00 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 6,04,590.788 हेक्टेयर क्षेत्र में से 5,84,860.891 हेक्टेयर क्षेत्र की गिरदावरी पूर्ण कर ली गई है, जो कि 97 प्रतिशत है। निजी क्षेत्र में कुल 4,15,020.112 हेक्टेयर में से 3,97,272.907 हेक्टेयर (96 प्रतिशत) तथा शासकीय क्षेत्र में 1,88,114.879 हेक्टेयर में से 1,87,834.097 हेक्टेयर (100 प्रतिशत) क्षेत्र की गिरदावरी पूरी की जा चुकी है। तहसीलवार प्रगति की बात करें तो जावर ने 100 प्रतिशत, दोराहा ने 112 प्रतिशत, इछावर में 106 प्रतिशत, श्यामपुर में 100 प्रतिशत, भैरूंदा में 97 प्रतिशत, आष्टा में 97 प्रतिशत, सीहोर में 91 प्रतिशत, सीहोर नगर में 100 प्रतिशत, रेहटी में 95 प्रतिशत, बुधनी में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा शेष क्षेत्रों में भी शीघ्रता से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों से संबंधित राजस्व एवं फसल संबंधी आंकड़े समय पर अद्यतन किए जा सकें।

## कृषि रथ ने बदली 12 हजार किसानों की सोच 372 गांवों में दी गई आधुनिक खेती की सीख

### एक महीने तक चले अभियान में वैज्ञानिकों ने खेतों तक पहुंचकर सिखाई उन्नत तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश में मनाए जा रहे कृषक कल्याण वर्ष के तहत जिला कृषि विभाग ने बड़ा दावा किया है। विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ ने पिछले एक महीने में जिले के 372 गांवों का भ्रमण कर करीब 12,440 किसानों को आधुनिक खेती और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया है। 11 जनवरी से 11 फरवरी तक चले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों की लागत कम करना और पैदावार बढ़ाना था।

कृषि रथ के माध्यम से विभाग के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधा संवाद किया। इस दौरान किसानों को ई.विकास प्रणाली के जरिए खाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वैज्ञानिकों ने जोर दिया कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही खेतों में खाद डालें, ताकि जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे और अनावश्यक खर्च न हो।

**नरवाई जलाएं नहीं, खाद बनाएं**

अभियान के दौरान सबसे ज्यादा जोर नरवाई प्रबंधन पर दिया गया।





किसानों को समझाया गया कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि जमीन के मित्र कीट भी मर जाते हैं। इसके विकल्प के रूप में सुपर सीडर, हैप्पी सीडर और स्ट्रा रीपर जैसे आधुनिक यंत्रों की जानकारी दी गई। सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी का काम एक साथ करते हैं, जिससे किसानों के समय और पैसे दोनों की बचत होती है।

### जैविक खेती को बढ़ावा

कृषि रथ के माध्यम से ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उड़द, मूंगफली और तिल जैसी फसलों को अपनाने की सलाह दी गई। साथ ही रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक एवं जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को सरकारी योजनाओं जैसे कस्टम हायरिंग सेंटरए डीबीटी और यंत्रदूत ग्राम योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### इन विकासखंडों में पहुंचा रथ

जिले के 5 प्रमुख विकासखंडों की 372 ग्राम पंचायतों में यह रथ पहुंचा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की समसामयिक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और उन्हें उन्नत बीज व सूक्ष्म पोषक तत्वों के सही उपयोग की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

## जंगल की पहाड़ी पर उग रहा था हरा जहर, गोपालपुर पुलिस ने 86 गांजे के पौधों संग आरोपी को धर दबोचा

**सीहोर।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच पुलिस को एक ऐसी सूचना मिली जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। 25 फरवरी को मुखबिर ने खबर दी कि ग्राम हमीदगंज वन बीज क्षेत्र अंतर्गत मंजाखेड़ी की पहाड़ी पर अवैध रूप से गांजे की खेती की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बिना समय गंवाए कार्रवाई की रणनीति बनाई।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अंजाम दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने पहाड़ी क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपी के कब्जे वाले बाड़े पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान पुलिस के सामने चौंकाने वाला दृश्य था।





आरोपी प्रेमसिंह कोरकू ने वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर सुनियोजित तरीके से 86 गांजे के हरे-भरे पौधे लगा रखे थे। पौधों की देखभाल ऐसे की जा रही थी मानो कोई वैध खेती हो। लेकिन असल में यह युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेलने की साजिश थी। बरामद पौधों का कुल वजन लगभग 3 किलो 200 ग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब 40 हजार रुपये है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लंबे समय से पहाड़ी की आड़ में यह अवैध खेती कर रहा था। पुलिस ने मौके से ही आरोपी प्रेमसिंह पिता गोकल भुसारिया निवासी मंजाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि क्या वह अकेले यह काम कर रहा था या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।

### नशे के कारोबारियों को सख्त चेतावनी

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। जंगल, पहाड़ी या खेत ..कहीं भी अवैध मादक पदार्थ की खेती या तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोपालपुर पुलिस की इस कार्रवाई से नशे का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है और पुलिस अब पूरे इलाके में सघन निगरानी कर रही है।

### बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में शीघ्र कार्यवाही के दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भी बच्चों से जुड़े मामले में त्वरित कार्यवही के लिये आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संरक्षण एवं पुनर्वास के मामले में कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के प्रकरणों में कार्यवाही को तेज गति से संचालित करने के लिये अधिकारी स्वयं बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर दस्तावेज अथवा आवश्यक जानकारी एकत्र करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बच्चों के हित में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को जरूरतमंद बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 'बाल आशीर्वाद योजना' अंतर्गत 335 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 331 बच्चों के अनुश्रवण की कार्यवाही की गई है। बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से 04, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना से 16, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना से 105 तथा स्पॉन्सरशिप एवं फॉस्टर केयर योजना से 855 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बैठक में डीएफओ अर्चना पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




### मंडी क्षेत्र के चार वार्डों के हालात गांव से भी बदतर, दिन में 8 बार गुल हो रही बिजली

# बिजली कंपनी ने मंडी क्षेत्र को बना दिया 'अंधेर नगरी' बोर्ड परीक्षाओं के बीच अघोषित कटौती से छात्र बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक ओर जहां 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं छात्र-छात्राओं के भविष्य का फैसला कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनी की लापरवाही ने मंडी क्षेत्र के शहरी इलाके को अंधेरे युग में धकेल दिया है। शहर के बड़े इलाकों में शामिल मंडी क्षेत्र में इन दिनों हालात किसी पिछड़े गांव जैसे हो गए हैं। दिन भर में 7 से 8 बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती ने न केवल छात्रों की पढ़ाई प्रभावित की है, बल्कि व्यापारियों और आम जनता का जीना भी मुहाल कर दिया है।

बिजली कंपनी की संवेदनहीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को जब 10वीं



कक्षा का सबसे महत्वपूर्ण गणित का पेपर था, तब भी बिजली गुल रही। सुबह 9 से 12 बजे तक चलने वाली परीक्षा के दौरान ठीक 9.15 बजे बिजली काट दी गई। इसके 15 मिनट बाद बिजली आई और फिर दोबारा गुल हो गई। मंडी क्षेत्र के सीएम राइज मनुबेन स्कूल और स्वामी विवेकानंद स्कूल जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों पर परीक्षा दे रहे छात्र उमस और अंधेरे के बीच परेशान होते रहे।

**व्यापार और उद्योग भी ठप :** मंडी क्षेत्र न केवल रिहायशी इलाका है, बल्कि यहां कृषि उपज मंडी और इंडस्ट्रीज एरिया भी शामिल हैं। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और घंटों की कटौती की वजह से औद्योगिक इकाइयों का उत्पादन ठप पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि मशीनों के बार-बार बंद होने से आर्थिक नुकसान हो रहा है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी केवल मेंटेनेंस का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

**जनता में भारी आक्रोश :** स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जब मण्डी क्षेत्र शहर का हिस्सा है और हम शहरी दर पर बिल चुकाते हैं तो हमें गांव जैसी सुविधाएं क्यों दी जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं के समय कम से कम निर्बाध बिजली की उम्मीद तो हर छात्र करता है, लेकिन यहां विभाग और जनप्रतिनिधि दोनों मौन हैं।

### सत्ताधारी पार्षदों का 'मौन' जनता पर भारी

मंडी क्षेत्र नगर पालिका के चार प्रमुख वार्डों 20, 22, 23 और 25 में फैला हुआ है। विडंबना यह है कि इनमें से तीन वार्डों में सत्ताधारी भाजपा के पार्षद हैं। वार्ड क्रमांक 23 से प्रतिनिधि दिलीप राठौर, वार्ड 22 से विशाल राठौर और वार्ड 25 से मुकेश मेवाड़ा जैसे भाजपाई दिग्गज होने के बावजूद बिजली समस्या पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। जनता का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े बड़े वादे करने वाले ये जनप्रतिनिधि अब जनता की परेशानी पर चुप्पी साधे बैठे हैं। मंडी क्षेत्र में एक मुखर और साहसी जनप्रतिनिधि का अभाव साफ नजर आ रहा है।

### नर्मदा परिक्रमा पर निकले जगतगुरु सतुआ बाबा संतोष दास महाराज पहुंचे कुबेरेश्वरधाम

**सीहोर।** गुरुवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक कुबेरेश्वरधाम में नर्मदा परिक्रमा करने वाले साधु-संतों का विठलेश सेवा समिति ने स्वागत किया। इस मौके पर सतुआ बाबा पीठ के महामंडलेश्वर जगतगुरु सतुआ बाबा संतोष दास महाराज, अपनी आध्यात्मिक यात्राओं के साथ-साथ नर्मदा परिक्रमा के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने नर्मदा मैया के प्रति अपनी गहरी आस्था के कारण यह पवित्र परिक्रमा की है।



धाम पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने यहां पर आए नर्मदा परिक्रमावासियों का स्वागत किया। इस मौके पर सतुआ बाबा पीठ के महामंडलेश्वर जगतगुरु सतुआ बाबा संतोष दास महाराज ने कहाकि हमारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन भव्य और दिव्य रूप से किया गया है। उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ यहां पर श्रद्धालुओं के लिए चलाई जा रही भोजनशाला के अलावा बाबा के दर्शन किए। जगतगुरु सतुआ बाबा हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है सतुआ बाबा के आश्रम और नर्मदा तट के आश्रमों से कभी कोई भूखा नहीं जाता। वे गौ सेवा और अन्नदान को नर्मदा मैया की सबसे बड़ी सेवा मानते हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केंद्रों में 641 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 25 फरवरी को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 641 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 227 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### शांति समिति की बैठक संपन्न




**बुधनी।** बुधनी क्षेत्र के तहत गुरुवार को तहसील कार्यालय बुधनी में आगामी त्योहारों होली , रंगपंचमी एवं ईद के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा , तहसीलदार बुदनी ललित सोनी जी, उप निरीक्षक संदीप जाट, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, जनप्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, नगरपालिका परिषद से शैलेंद्र चौहान, विद्युत विभाग के प्रतिनिधिगण, हिंदू और मुस्लिम समाज के सम्माननीय नागरिकगण एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गई तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।तथा सभी विभागों को अपनी तैयारिया दुरस्त करने के निर्देश दिए गए । बुदनी प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें।

### महिला डॉक्टर के अभाव में सुरक्षित मातृत्व अभियान बेअसर, निजी डॉक्टरों के सहारे चली व्यवस्था

# लापरवाही: 100 पलंग के सिविल अस्पताल में गर्भवती महिलाएं घंटों इंतजार को मजबूर

नगरवासियों का कहना है कि अस्पताल 100 पलंग का है और क्षेत्र की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

करोड़ों रुपए की लागत से बना नगर का 100 पलंग का सिविल अस्पताल इन दिनों व्यवस्थाओं की कमी को लेकर फिर सुर्खियों में है। बीते एक माह से यहां महिला डॉक्टर की पदस्थापना नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है।

बुधवार को अभियान के तहत बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं प्रसव पूर्व जांच, परामर्श और जरूरी परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचीं, लेकिन महिला चिकित्सक के अभाव में व्यवस्थाएं चरमराई नजर आईं। सुबह से पहुंची महिलाएं घंटों तक पंजीयन कक्ष और ओपीडी के बाहर इंतजार करती रहीं। इंतजार लंबा होने पर कुछ महिलाओं और उनके परिजनों ने नाराजगी जताई। स्थिति तब संभली जब सिविल अस्पताल प्रबंधन ने निजी अस्पताल की दो महिला डॉक्टरों को बुलाकर जांच और परामर्श की व्यवस्था कराई। करीब 11:30 बजे के बाद रूटीन चेकअप की प्रक्रिया शुरू हो सकी। तब तक कई गर्भवती महिलाएं थकान और असुविधा से जूझती रहीं।



**भैरुंदा।** बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं कतार में खड़ी रही।



**भैरुंदा।** निजी अस्पताल की महिला डॉक्टर शासकीय अस्पताल में इलाज करते हुए

#### कागजों तक सीमित अभियान

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच, आवश्यक दवाएं और परामर्श उपलब्ध कराना अनिवार्य है। योजना का उद्देश्य दूसरी और तीसरी तिमाही की सभी महिलाओं की कम से कम एक विशेषज्ञ जांच सुनिश्चित करना तथा एनीमिया, उच्च रक्तचाप और गर्भावधि मधुमेह जैसी जटिलताओं की समय रहते पहचान करना है। लेकिन महिला विशेषज्ञ के अभाव में अभियान की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान, सूचीबद्धकरण और समय पर प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु प्रभावित हो रहे हैं। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की आशंका बनी हुई है।

**प्रशासन के दावों पर सवाल :** नगरवासियों का कहना है कि जब अस्पताल 100 पलंग का है और क्षेत्र की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है, तो महिला डॉक्टर की नियुक्ति अब तक क्यों नहीं की गई। मातृ मृत्यु दर में कमी और सुरक्षित प्रसव के दावे तभी सार्थक होंगे, जब जमीनी स्तर पर विशेषज्ञ उपलब्ध हों।

#### संसाधन हैं, विशेषज्ञ नहीं

सिविल अस्पताल भवन और बुनियादी संसाधनों के लिहाज से बड़ा माना जाता है, परंतु नियमित रूप से केवल दो डॉक्टरों के भरोसे ओपीडी संचालित हो रही है। महिला डॉक्टर नहीं होने से विशेषकर गर्भवती महिलाओं को जांच और परामर्श में दिक्कतें आ रही हैं। मरीजों का आरोप है कि सामान्य समस्याओं में भी उन्हें जिला अस्पताल सीहोर या भोपाल रेफर कर दिया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अतिरिक्त खर्च और परेशानी का कारण बन रहा है। मजबूरी में कई ग्रामीण निजी अस्पतालों या अवैध क्लीनिकों का रुख कर रहे हैं।

#### जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भेजी है

महीने की 9वीं ओर 25 तारीख के लिए निजी अस्पताल की दो महिला डॉक्टर जो कि अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उपचार करेंगे। फिलहाल अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं है जिसकी जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई है।

**डॉ. मनीष सारस्वत,** सीबीएमओ, सिविल अस्पताल भैरुंदा

## 19 अप्रैल से आरंभ होगा भव्य श्री 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ और हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासी के तत्वाधान में बालाजी की तर्ज पर निर्मित हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को नवनिर्मित मंदिर परिसर में यज्ञ संचालक धर्म रक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा के अलावा सभी क्षेत्रवासियों ने यहां पर आगामी दिनों में होने वाले दिव्य अनुष्ठानों से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया।

इस मौके पर संस्कार मंच संरक्षक मनोज दीक्षित मामा सहित बड़ी संख्या में समिति के श्रद्धालु शामिल थे। शहर के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित श्री हनुमान मंदिर एक प्रसिद्ध मंदिर है, जहाँ करोड़ों की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो रहा है। यहां मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा स्थापित है, जो स्थानीय भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना और प्रसादी का वितरण आयोजित होते हैं। यज्ञ संरक्षक पंडित श्री कटारे और समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान राम दरबार, भगवान शिव-नंदी और सप्तऋषियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। 19 अप्रैल को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर की सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन पर किया जाएगा। जनवरी तक मंदिर परिसर पूर्ण हो जाएगा, इसके उपरांत सात दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध धर्म आचार्यों की उपस्थित में भव्य आयोजन को पूर्ण किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मलीन पिता श्री द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है।

इन मंदिरों में शहर का हनुमान मंदिर करीब 60 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन सूरदास महाराज मनोहर दास द्वारा निर्मित किया गया था, जो दयनीय स्थिति में था, लेकिन अब राजस्थान से मंगवाए पत्थरों की नक्काशी से मंदिर अपने दिव्य स्वरूप में झलक रहा है। हमारा उद्देश्य हिंदू समाज को मजबूत करना है।

## दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने के लिए कलेक्टर-एसपी ने निर्देश दिए

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के त्वरित और निशुल्क इलाज के लिये पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिये निर्देश

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।




बैठक में कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिये पीएम राहत योजना के तहत चिकित्सालयों में पीड़ितों के इलाज की कैशलैस योजना के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिये पुलिस, परिवहन, एनआईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दुर्घटना की तिथि से 07 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। जीवन को खतरा नहीं होने की स्थिति में अधिकतम 24 घंटे तथा गंभीर मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाइजेशन उपचार प्रदान किया जाता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायलों को मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने कुबरेश्वर धाम के सामने हाईवे पर हाई मास्ट लाइट लगाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक होने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन का प्रस्ताव भी भेजा जाए। सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके रेक्टिफिकेशन की कार्रवाई निरंतर की जाए और प्रत्येक माह दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की जाए। ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण के लिए हाईवे के टोल नाकों के पास स्पीड रडार गन के माध्यम से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की बात भी कही गई।

उन्होंने सीहोर शहर में यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए, ताकि ट्रैफिक संचालन सुचारू रूप से हो सके। साथ ही निर्माण कार्यों के बीच में आ रहे बिजली के पोल को शिफ्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए। बैठक में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। सड़क दुर्घटना में घायलों को मुख्यमंत्री राहत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल, ईपीडब्ल्यूडी के बीएल अहिरवार, आरटीओ रीतेश तिवारी, एमपीआरडीसी के एसडीओ संजीव जैन, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ सहित अन्य अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## मायरा योजना में दो बेटियों के विवाह पर 11 हजार की मदद की

**सीहोर।** बुधवार को कैंप सीहोर के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में संघ की मायरा भात योजना के तहत आयोजन किया गया। भंडेली महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति भंडेली की सदस्य रेखा बाई की बेटी विशाखा के विवाह समारोह में सहायता दी गई।

रामदुलारी की बेटी पूजा मीणा के विवाह समारोह में भी सहायता दी गई। जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगारिया ने 11 हजार रुपए नकद दिए। पिता को वस्त्र दिए। मां को साड़ियां भेंट कीं। कार्यक्रम में जिला सीहोर के मार्ग पर्यवेक्षक शादीलाल वर्मा मौजूद रहे। मूलचंद वर्मा, गोविंद शर्मा, राधिका विश्वकर्मा भी रहे। समिति अध्यक्ष लाड़सिंह वर्मा पहुंचे।

## खेल उत्सव का समापन: जोश, सहभागिता और टीम स्पिरिट से महाविद्यालय परिसर गूंजा

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत दिनांक 25 फरवरी 2026 को विभिन्न खेल गतिविधियों का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी पुरुष अधिकारी एवं कर्मचारियों के मध्य वन हैंड वेट होल्डिंग प्रतियोगिता, सभी महिला एवं पुरुष अधिकारी-कर्मचारियों के लिए वन लेग स्टैंडिंग प्रतियोगिता तथा छात्राओं के लिए 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रस्सा-कस्सी, गोला फेंक सहित अनेक रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ।



इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अनुशासन, ऊर्जा एवं खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के अंतिम एवं आकर्षक इवेंट के रूप में छात्राओं तथा महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीमों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने पूरे परिसर में उत्साह और सौहार्द का अनूठा वातावरण निर्मित कर दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल गतिविधियाँ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। क्रीड़ा अधिकारी रवि स्वरूप विरहा ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक सुदृढ़ता एवं सकारात्मक ऊर्जा का भी सशक्त आधार हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं एवं स्टाफ की संयुक्त सहभागिता ने इस आयोजन को विशेष रूप से सफल और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में क्रीड़ा अधिकारी रवि स्वरूप विरहा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, प्राध्यापकगण एवं छात्राओं के सक्रिय सहयोग और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि इस समूचे आयोजन में महाविद्यालय के संपूर्ण स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही, जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### थाना भैरूंदा परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

# एसडीएम की अध्यक्षता में त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आगामी त्योहारों-होलिका दहन, होली, धुलेंडी, भगोरिया हाट बाजार, चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, राम नवमी और ईद-को लेकर थाना भैरूंदा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुधीर कुशवाह ने की। इस दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सभी पर्व आपसी भाईचारे, शांति और परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

बैठक में एसडीएम ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी धर्मों और समाज के लोग मिल-जुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। होलिका दहन को लेकर प्रशासन ने निर्देश दिए कि दहन केवल पुराने और पारंपरिक स्थानों पर ही किया जाए। बिजली के तारों, ट्रांसफार्मरों और ज्वलनशील पदार्थों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा अग्नि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। नगर परिषद को त्योहार स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल के लिए पानी के टैंकर और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने कहा कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में एसडीएम सुधीर कुशवाह, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी, नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, पत्रकारगण, पुलिस एवं नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य :** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### नियमितीकरण, वेतनवृद्धि, सेवानिवृत्ति उपरान्त मासिक पेंशन सहित रखी अन्य मांगें

# आंगनबाड़ियों के अमले ने मंदिर में बैठक उपरान्त शासन से रखी मांगें

**शासन से लंबे समय से गुहार लगाती आ रही हैं ये महिला कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा



जिले की 2456 आंगनबाड़ियों में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपना मानदेय बढ़ाने, नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से शासन, प्रशासन से गुहार लगाती आ रही हैं। शासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बाद भी जब मांगों का कोई हल नहीं निकला तो जिले की समस्त आंगनबाड़ियों में कार्यरत अमला बुधवार को एक बार पुनः मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने पहुंचा। ज्ञापन के पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कलेक्टोरेट स्थित मंदिर परिसर में एकत्रित हुई जहां सबसे पहले भगवान को नमन करते हुए बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों ने अपने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

संघटन जिलाध्यक्ष सूर्यकिरण शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में भी सभी साथी महिला कर्मचारी अल्प मानदेय में कार्य कर रहे हैं जबकि शासन द्वारा उन पर बाकि सारे नियम नियमित कर्मचारिओं की भांति लागू किए जा रहे हैं। सुविधा के नाम पर उन्हें स्कीम वर्कर कहा जाता है लेकिन शासन, प्रशासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। न बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है न ही परिवार में आर्थिक रूप से वह ज्यादा योगदान दे पा रही हैं। बैठक उपरान्त सभी ने कलेक्टोट परिसर पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

## सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ देने की मांग

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए उक्त ज्ञापन में मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए एक नीति बनाकर नियमित करते हुए सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिया जाए। आंगनबाड़ी से पर्यवेक्षक के पद पर बगैर परीक्षा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को योग्यता और अनुभव के आधार पर पदोन्नत किया जाए। इसके साथ ही शासन उन्हें किसी भी अन्य कार्य में संलग्न न करें।

### हर मांग निश्चित तारीख पर मानदेय की मांग

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि सभी आंगनबाड़ी वर्करों का मासिक मानदेय उन्हें प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कर दिया जाए। इसके साथ ही किसी भी विभाग मै नियुक्ति निकलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को अनुभव के अंक समेत आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदाय की जाए।

### सेवानिवृत्ति उपरान्त मिले पेंशन

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को उनकी सेवानिवृत्ति उपरान्त कम से कम 5 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाए। इसके साथ ही सेवाकाल में मृत्यु होने पर परिवार को सांत्वना राशि के रूप में कम से कम 2 लाख रुपये दिए जाएं।

### बस मालिकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# ... तो सड़कों पर बसें नहीं उतारेंगे जिले के सभी बस आनर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्टेट केरिज बसों के संचालन के संबंध में शासन द्वारा लाई जा रही नई परिवहन नीति को दमनकारी करार देते हुए जिले के समस्त बस मालिकों ने शासन, प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। बुधवार दोपहर सभी बस टैवल्स संचालक कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम इस संबंध में अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

मध्यप्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन के बैनर तले सौंपे गए इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन ने 24 दिसंबर 2025 एवं 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में संशोधन का जो प्रारूप प्रकाशित किया है, उसे समाप्त किया जाए। वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ जिले सहित पूरे सूबे में यात्री बसों का संचालन चल रहा है, उस व्यवस्था में अगर बदलाव किया गया तो सभी बस मालिक हड़ताल पर चले जाएंगे।

### छोटे बस मालिकों की टूट जाएगी कमर

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि नई नीति के तहत प्रावधान है कि वर्तमान में संचालित सभी यात्री बसों के परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त बड़ी कंपनियों को प्रदेश में बस सेवा संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शासन के इस निर्णय से छोटे बस संचालकों की कमर टूटनी तय है। ज्ञापन के अवसर पर संघटन पदाधिकारी कैलाश पुरोहित, राजेश भार्गव, दिनेश शर्मा, विशाल द्विवेदी, अर्पित शुक्ला, निखिल गुप्ता, महेश अग्रवाल, प्रियांशु शुक्ला, राहुल जायसवाल, इजमाम खान, शाहिद खान, विनोद बैरागी, सचिन पांडेय, लोकेंद्र सिंह परमार सहित अन्य बस ऑपरेटर्स उपस्थित थे।

### नगर में ताश खेल रहे 12 जुआरी धराए, 25 हजार जब्त

**राजगढ़।** कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया को मुखबिरों से मिली सूचना के बाद किला क्षेत्र में छुपते-छुपाते जुआ खेल रहे 12 लोगों को पकड़ा है। अभियुक्तों के पास से 25 हजार की राशि बरामद करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिन व्यक्तियों को ताश खेलते पकड़ा गया है उनमें दरियाव सिंह तंवर निवासी झंझाडपुर, शकील खान पुरोहित मोहल्ला राजगढ़, अभयसिंह तंवर निवासी फूटातालाब, अमरलाल तंवर झंझाड़पुर, पर्वत सिंह सौंधिया निवासी लालपुरिया, पप्पू तंवर निवासी कंवरपुरा, दरियाव निवासी नलखेड़ा, धीरप वाल्मिकी राजगढ़, फुजेल खान पुरा राजगढ़, जुबेर खान पीटी कंपनी राजगढ़, फरीदुद्दीन भंडारा गली राजगढ़, विशाल निवासी खुजनेर रोड राजगढ़ शामिल हैं। इस जुए का संचालन कर रहे राहुल चौहान, राजगढ़ पर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# जाटव को अजा मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी बनाए जाने पर किया स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश कार्य समिति में प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार की टीम में गोपाल जाटव को प्रदेश के सह प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किए जाने से जाटव समाज में खुशी की लहर है। इस नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में लोकप्रिय नेता गोपाल जाटव का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं अजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जाटव का साफा बंधाकर अजा मोर्चा अध्यक्ष गगन चौहान और मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री दीपक सामरे, मंडल उपाध्यक्ष नवल कुशवाह, बनवारी कुशवाह, पुलकित साहू, गिरराज लववंशी सोनू सोनी, ऐलकर आदि मौजूद रहे।

# कृषि मेले के दौरान कर्मचारी को आया हार्टअटैक, मौत

**राजगढ़।** किसानों के हित और शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कृषि विभाग सहित जिला




प्रशासन द्वारा मोहनपुरा बांध क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेले के दौरान अनहोनी हो गई। मेले के समापन दिवस पर बुधवार दोपहर कृषि विभाग राजगढ़ में कार्यरत कर्मचारी रामप्रसाद भील उम्र 55 को हार्टअटैक आ गया। भील को अचानक आए हृदयाघात के उपरान्त मौके पर उपस्थित कुछ लोगों ने उन्हें सीपीआर भी दिया। इसके बाद उन्हें अधिकारियों के वाहनों से तुरन्त जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मस्टर जारी नहीं करने एवं लापरवाही पर हुआ निलंबन

**ग्राम पंचायत खजूरिया के सचिव निलंबित व रोजगार सहायक का हुआ अटैचमेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे तथा इनके द्वारा ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 4 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी कराने में कोई रूचि नहीं ली गई। हटेसिंह शिवहरे सचिव ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को 18 फरवरी तत्काल


कार्यालय जिला पंचायत-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
-आदेश-

प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में हटेसिंह शिवहरे निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यावरा रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। वहीं कि सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया को भी ग्राम पंचायत खजूरिया में एक बगिया मों के नाम अंतर्गत स्वीकृत 04 कार्यों के विरूद्ध मात्र राशि रू. 36 हजार के बिल जनपद पंचायत में जमा कराये गये तथा मजदूरी के मस्टर जारी नहीं किये जाने संबंधी कृत्य करते हुए, अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही का दोषी माना है। सुरेश दांगी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खजूरिया जनपद पंचायत ब्यावरा को उक्त कृत्य के लिये आगामी आदेश तक जनपद पंचायत ब्यावरा में मनरेगा योजनांतर्गत कार्य करने हेतु संबद्ध किए जाने का आदेश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जारी किया है।

# सचिव के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा जिला राजगढ़ से अशोक कुमार ठाकुर मंडी सचिव का स्थानांतरण कृषि उपज मंडी समिति सिराली जिला हरदा में हो जाने के कारण उनका विदाई समारोह मंडी के सभा कक्ष में दोपहर को रखा गया। जिसमें नवनियुक्त मंडी सचिव भगवान सिंह सोलंकी लेखपाल गोपाल सिंह सिकरवार राजेश सक्सेना, प्रियांशु जाटव बद्रीलाल भिलाला हरिप्रसाद सेन आकाश भिलाला रोहित विश्वकर्मा सीताराम वर्मा श्याम सुंदर जितेंद्र सिंह सिकरवार महेश यादव मोहनलाल नगर कन्हैया लाल यादव राहुल सोंधिया नितिन शर्मा देवीसिंह केसरिया भगवानसिंह चंद्रवंशी गोकुल दास शर्मा मनोहर गिरी सुनील शर्मा एवं समस्त मंडी कर्मचारी गण उपस्थित रहे एवं ठाकुर को शुभकामनाएं दीं।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर व्याख्यान का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर आत्महत्या रोकथाम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया ने कहा की विद्यार्थियों को नकारात्मक विचार से दूर रहना चाहिए। इसके लिए बात करके समस्या का हल निकालने की कोशिश करना चाहिए ना की आत्महत्या जैसे गलत काम की और अग्रसर होना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हमें मानसिक रूप से सुदृढ़ होने की आवश्यकता है।इसके लिए योग, प्राणायाम, आध्यात्म के माध्यम से हम सकारात्मक विचारों को जीवन में ला सकते हैं। सह कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर भाविक वोरा ने कहा की हर एक व्यक्ति को अपने शौक या हॉबीज को बनाए रखना चाहिए जो हमें नकारात्मक विचारों से दूर रखती हैं।इस अवसर पर डॉ विमल लोदवाल ने कहा कि हमें मोबाइल के बजाय किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। खेल हमें नकारात्मकता से बचते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रीतम गुणावा, डॉ अरुणा सोलंकी, डॉ फारूक पठान श्रीमती सोनम करोडिया एवं डॉ सुरेंद्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए फरवरी माह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थीयों के लिए माइंडफूलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अरुणा सोलंकी ने माइंडफूलनेस के तरीके से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

# माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज ने मां शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। इस समारोह में नगर व आसपास के गावों के सैकड़ों समाज बंधु महिलाओं व नौजवान युवकों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजजनों ने माता शबरी की झांकी की



भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी। ढोल-ताशों, ध्वजों और जय माँ शबरी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया लोकनृत्य के समाज के युवा ढ़ोल बेंड बाजों की धुन पर जमकर थिरक रहे थे।

# पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इकलेरा में तीन यूट्यूबरों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें इकलेरा के सरपंच यूट्यूबरों को पीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं इसी गांव के एक प्रतिनिधि संजय सिंह के घर में भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ करने की घटना सामना आई है जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया है। बुधवार को राजगढ़ जिला मुख्यालय पर इस संबंध में सहयोगी पत्रकार संगठन जिला राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

### जिले में फर्जी पत्रकारों की मान्यता और कार्यशैली की भी हो जांच

गौरतलब है कि सहयोगी पत्रकार संगठन द्वारा ज्ञापन देने का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा व भविष्य में कभी भी किसी निष्पक्ष और सच्चे पत्रकार पर कोई हमला न हो और क्षेत्र में कवरेज के दौरान वह सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि जिले में अगर कोई व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ मेंब्लैकमेलिंग या अन्य अवैध काम करता पाया जाता है तो उनकी भी जांच हो और उन पर भी कार्रवाई हो। वहीं जिस प्रकार सरपंच श्रवणकुमार ने युटयुबरों को पीटा है वह गलत है इसमें कौन दोषी है कौन निर्दोष है। इसकी भी निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्रवाई हो। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी सरपंच के खिलाफ वैधानिक धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ति पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

# कायाकल्प टीम ने परखी जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन, प्रशासन का प्रयास है कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर हों और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन को जांचने, परखने स्वास्थ्य विभाग ने कायाकल्प अभियान भी चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत कल बुधवार सुबह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल से आई तीन सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थों का जायजा लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने जिला अस्पताल की ओपीडी, विभिन्न वार्डों, निःशुल्क दवा वितरण केंद्र, एसएनसीयू, प्रसूती विंग सहित अन्य यूनिटों में पहुंचकर बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने अस्पताल की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मरीजों को दिए जाने वाले भोजन को भी जांच।

### जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# पेंशन प्रकरण लंबित रखने वाले बाबू को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों से रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों के अधिकारों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में आहूत जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक में डॉ. मिश्रा ने दो पेंशन प्रकरणों को अनावश्यक लंबित रखने वाले लिपिक को सस्पेंड करने का नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रकरण में यह तथ्य सामने आया कि दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उनके एरियर एवं टीए के भुगतान लंबित है। इस पर कलेक्टर ने



प्रकरणों को लंबित रखने वाले बाबू बद्रीलाल वर्मा को निलंबित करने का नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही दोनों सेवानिवृतत कर्मचारियों को आगामी 3 दिवस में उनके समस्त लंबित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

### सेवानिवृत्ति के पूर्व मिल जाए सर्विस बुक की प्रति

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि से तीन माह पूर्व ही सर्विस बुक की प्रति उपलब्ध करा दी जाए। ताकि यदि किसी दस्तावेज की कमी हो तो समय रहते उसकी पूर्ति की जा सके और सेवानिवृत्ति उपरांत भुगतान में विलंब की नौबत ही न आए। बैठक में जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले भी मौजूद थे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 7 मार्च तक होगा पंजीयन

**गुना ।** मौजूदा रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान भाई 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। गुना जिले में 35 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्र व कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खाद्य, सहकारिता व कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों को पंजीयन के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### 5 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क

**आष्टा।** गत दिवस जहां मुक्तिधाम परिसर में नागरिकों की सुविधा के लिए हाई मास्ट लाईट का शुभारंभ हुआ, वहीं प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं को प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए हाई मास्ट लाईट लगवाई गई है। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 16 में सीसी रोड़ भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर दी। सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं वार्ड पार्षद रविन्द्र रवि शर्मा द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सीसी रोड़ का निर्माण सेमनरी रोड़ मुख्य मार्ग से लेकर परमार साहब के मकान तक लगभग 5 लाख रूपये की लागत से बनेगा। श्री मेवाडा ने संबंधित निर्माणकर्ता ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में पूर्ण गुणवत्ता बरती जाए, किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर निर्माण कार्य बंद कर ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही नपा के तकनीकी अधिकारियों को भी समय-समय पर उपस्थित होकर स्वयं की उपस्थिति में निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल मुकाती, स्वच्छता एम्बेसेडर संध्या बजाज, शिवनारायण मेवाड़ा, समता जैन अदि उपस्थित थे।

### अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर सिद्धपुर नगरी में सिद्धों की आराधना

# नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ में विधि-विधान से अर्घ्य किए समर्पित

सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान हो रहे कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर परमपूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं नवाचार मुनि श्री उपसम सागर जी महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के तृतीय दिवस श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 6 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया।

जिसमें सकल समाज ने अपने पुण्य को उदय करते हुए शुभारंभ किया। जिसमें बहुत से लोगों ने अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करते हुए अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य विमल कुमार, सुनील कुमार जैन लिलेहरिया परिवार, धनपाल जैन पार्वती वाले। मंडल पर अष्टप्रातिहार्य



करने का सौभाग्य कृष्णा विमल कुमार जैन, पारस सुनील कुमार जैन, अनीता श्रीपाल जैन, दीपाली दीपक कुमार जैन, स्मिता संदीप कुमार जैन, नेहा मनोज कुमार जैन, मुक्ता पारस जैन, आरती रंजन कुमार जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रति दिन प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप



महामंडल विधान पंडित कपिल जैन के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करे।


# किसान संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, बताईं मांगें



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय किसान संघ द्वारा किसानो द्वारा चलाये जाने वाले गैर राजनैतिक राष्ट्रवादी एवं राष्ट्रव्यापी संगठन है जो समय-समय पर किसानो की समस्याओं एवं मांगो को शासन प्रशासन को अवगत कराता है- जिनमे प्रमुख मांग में नर्मदा परियोजना से छुटे हुए गांवों को शीघ्र जोडा जाए एवं जिन गांवो में नर्मदा लाईन आ चुकी है वह शीघ्र ही चालू की जाए। ग्राम कान्याखेड़ी तहसील जावर जिला सीहोर में स्थित जलाश्य का अधुरा निर्माण पूर्ण किया जाए, एवं इसी वर्ष पानी रोका जाए। गेहूं की फसल का भाव राज्य सरकार द्वारा बोनस 115 रूपये देकर 2700 रू प्रति क्विंटल किया जाए। जावर की कृषि उपज मंडी में 10 टन का तौल कांट लगवाया जाए जिससे किसानो को परेशानी का सामना न करना पडे। किसानों की चना, मसूर फसल का तहसील क्षेत्र में उपार्जन केन्द्र 01 है उसे बढाकर 02 जगह पर किया जाए। जावर तहसील में 01 फायर ब्रिगेड है, तहसील क्षेत्र में 02 फायर ब्रिगेड की जाए। भूमि में अगर बहन अपनी स्वेच्छा से अपना हिस्सा नही लेना चाहती है तो सामान्य प्रक्रिया कर उसका नाम पुरी तरह हटाया जाए जैसी मांगे शामिल है। उपरोक्त मांगो पर शीघ्र कार्यवाही कर निराकरण कराये ऐसी अपेक्षा भारतीय किसान संघ शासन प्रशासन से करता है।

## तहसीलदार जावर ने मिलावटखोरों पर की सख़्त कार्रवाई, पूर्व नपाध्यक्ष वैध ने किया सम्मान



**जावर।** त्यौहारों के चलते खाद्य विभाग की सक्रियता देखने को मिलती है ऐसा ही वाक्य जावर के डोड़ी में देखने को मिला है डोड़ी में नक़ली घी बनाने वालों की जानकारी मिली थी जहाँ पाया गया था कि ये नामी कम्पनी जिसमें मुख्यतः सांची का नक़ली घी बनाया जा रहा था जिसकी जानकारी मिलते ही तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा और खाद्य विभाग के अधिकारी मौक़े पर पहुँचे और भारी मात्रा में नक़ली घी ज़ब्त किया कार्यवाही प्रचलित है जब इसकी जानकारी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य को लगी तो वैद्य ने तहसील पहुंचकर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा का उक्त कार्यवाही को लेकर भव्य स्वागत किया एवं उनकी इस कार्यवाही पर उनकी प्रशंसा की वैद्य ने कहा कि पूर्व में भी तहसीलदार जावर द्वारा ऐसे कई कार्य किए गए हैं जिसमें कई जगहों पर नक़ली डीज़ल बेचने की वारदातें भी तहसीलदार जावर ने पकड़ी है आज के समय में प्रशासन में ऐसे ही क़ाबिल अधिकारियों का होना बहुत ही आवश्यक है।

# भारतीय सेना में चयन देश का बड़ा सम्मान है: परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कु पायल का भारतीय सेना में चयन हम सबके लिए और हमारे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है, हमारी सेना अदम्य साहस, अनुशासन और देशप्रेम का प्रतीक है। मां भारती की सेवा के लिए चुना जाना सम्मान की बात है। कु पायल जो एक साधारण परिवार की युवती है उसने चयन के पश्चात निर्धारित ट्रेनिंग पूरी की। भारतीय सैना में शामिल होना देश का सबसे बड़ा सम्मान है। आष्टा क्षेत्र में आज कु पायल का पलक पांवड़े बिछा कर स्थान स्थानों पर सम्मान हुआ। उक्त आशय के विचार पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने भारतीय तिब्बत सैना में नव चयनित सैनिक कु. पायल रुपपाल पोलाया के स्वागत कार्यक्रम में व्यक्त किए। ज्ञातव्य हो की आष्टा के ग्राम गुराडिया वर्मा निवासी रुप पाल पोलाया पोस्टमैन की बेटी तथा युवा साथी प्रशांत गोल्डी की बहन कु. पायल का चयन भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल में हुआ है उनके प्रथम गृह ग्राम आगमन पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा कु. पायल का स्वागत सामारोह रखा गया था जहां पर कैलाश परमार ने अपने साथियों सकल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अजय के साथ पहुंचकर कु. पायल का पुष्पाहार पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया और आगे कहा की राष्ट्र के प्रति कु पायल का समर्पण अनुकरणीय है, धन्य हैं वे माता-पिता जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया, जो देश के लिए जीते हैं और आवश्यकता पड़े तो वतन पर कुर्बान हो जाते हैं। परमार ने युवाओं को आव्हान किया कि मां भारती की सेवा अच्छे नागरिक अच्छे जन सेवक अच्छे से शासकीय सेवा के साथ भारतीय सेना में शामिल होकर करें।

## आज रंगभरी एकादशी पर होगा कार्यक्रम

**सीहोर।** श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर भव्य भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को दोपहर साढ़े तीन बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में भजन गायकों के द्वारा मनमोहक मंत्रिक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का लाभ लें और धर्मलाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर विशेष रूप से फाग उत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्तजन फूलों से होली खेलकर भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम अनुभव करेंगे। क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन कार्यक्रम एवं फाग उत्सव का लाभ लें और धर्मलाभ प्राप्त करें। इस संबंध में आश्रम के संचालक राहुल सिंह का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमामयी के साथ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया।




मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने प्रेरणा दाई उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से महाविद्यालय को उच्च शिखर पर पहुंचाने एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राकेश कुमार सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा हमारी भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है लेकिन अपनी संस्कृति का प्रचार प्रचार विस्तार करने के लिए हमें भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए और साथ ही साथ हमें कंप्यूटर का ज्ञान भी होना चाहिए। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कविता,नृत्य प्रस्तुत किए गए महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सह - शैक्षणिक गतिविधियों में भारतीय ज्ञान परंपरा, नशा मुक्ति अभियान, गणतंत्र दिवस, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा विभाग, पुस्तकालय विभाग द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। डॉ. सुमन भदौरिया द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार यादव, राकेश कुमार सोलंकी, भीमसेन मालवीय, डॉ.शर्मिला गांगले एवं समस्त गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# समाज को स्वच्छता का संदेश सर्व प्रथम संत गाडगे महाराज ने दिया था: पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संत गाडगे जी ने समाज को स्वच्छता और मानव सेवा का जो संदेश दिया, वह हमेशा प्रासंगिक रहेगा। केवल जयंती मनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगर में संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती के अवसर पर रजक धोबी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार मुख्य अतिथि के रूप में यह उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि रजक समाज के युवाओं का यह दायित्व है कि वह शिक्षा को ग्रहण करके सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय योगदान दें। रजक धोबी समाज के अध्यक्ष बाबूलाल बिल्लौरे उपाध्यक्ष कैलाश बंजारिया सक्रिय साथी संतोष मकरैया सहित सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथिगण के रूप में सभी सकल समाज के अध्यक्ष गण राजीव गुप्ता ,आनंद गोस्वामी, मनीष डोंगरे, संजय प्रजापति, मोंटी कोरी, प्रेम नारायण जायसवाल उपस्थित रहे। युवा संगठन के अध्यक्ष आनंद गोस्वामी सकल समाज संगठन के सचिव मनीष डोंगरे ने रजक समाज से कहा कि हम सब अन्य समाज के अध्यक्ष गण आपके साथ है।




कार्यक्रम में उपस्थित जन ने स्वच्छता अभियान चलाने तथा समाज में शिक्षा और संगठन को मजबूत करने तथा संत गाडगे महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर रजक समाज द्वारा नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन महिलाओं एवं युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार एवम वरिष्ठजन ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। समाज के पदाधिकारियों ने उनके जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता, सेवा और सामाजिक समरसता के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया।

रजक धोबी समाज के वरिष्ठ सदस्य गण बाबूलाल बिल्लौरे, कैलाश बंजारिया, संतोष मकरैया, रमेश रजक, सुमत लाल बंजारिया, क्रिकेट कोच अमित बिल्लौरे सहित रजक धोबी समाज के महिला, युवा उपस्थित रहे।

### चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक का स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित

# ऐसा काम करें कि डॉक्टर के साथ स्टाफ का भी नाम हो: डॉ. विशाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल का नगर आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। शहर के शिवालय हॉस्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है। ऐसा कार्य करें कि केवल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि अस्पताल के स्टाफ का नाम भी सम्मान के साथ लिया जाए। डॉ. बघेल ने कहा कि शिवालय हॉस्पिटल का नाम उनके लिए नया नहीं है। "यह मेरे लिए परिवार जैसा है। भले ही आज मेरे कदम पहली बार यहां पड़े हैं, लेकिन अपनापन पहले से महसूस होता रहा है। आप सभी मेरे परिवार के सदस्य और मेरी ताकत हैं। आपने कहां कि प्रदेश में प्राइवेट अस्पतालों को एक मंच पर लाना आसान कार्य नहीं था, लेकिन सभी के सहयोग से यह संभव हुआ। आयुष्मान भारत योजना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चरण में कई विसंगतियां और समस्याएं सामने आई थीं, परंतु अब अधिकांश कठिनाइयों का समाधान कर लिया गया है। यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता मेरे स्तर से पूरी हो सकती है तो मैं हमेशा तत्पर रहूंगा,उन्होंने आश्वस्त किया कि मैं कहीं पर भी हूं लेकिन आपके लिए उपस्थित रहूँगा।




### स्टाफ ही अस्पताल की असली नींव

डॉ. बघेल ने कहा कि किसी भी अस्पताल की पहचान उसके स्टाफ से होती है। "जिस अस्पताल का सफाई कर्मी और रिसेप्शन व्यवस्थित हो, वहां अन्य व्यवस्थाएं स्वतः बेहतर होने का विश्वास बन जाता है। अस्पताल की नींव उसका स्टाफ होता है। उन्होंने चिकित्सकों और मरीजों के बीच बनी दूरी को कम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि विश्वास का सेतु मजबूत करना समय की मांग है।

### ऊर्जावान बने रहने का आह्वान

उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों से विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में सुख-दुख आते रहते हैं, लेकिन सेवा भाव में निरंतरता ही वास्तविक सफलता है। कुछ भी होने पर आरोप अस्पतालों पर ही लगते हैं, इसलिए पारदर्शिता और संवाद बेहद आवश्यक है। शिवालय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. कुणाल राय ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि डॉ. बघेल चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्मित कर रहे हैं। "जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ वे कार्य कर रहे हैं, उससे निश्चित ही वे प्रदेश ही नहीं, देश में भी अपनी सेवाओं की अलग पहचान बनाएंगे।कार्यक्रम को डॉ. जीशान अहमद, किशोर मेवाड़ा एवं डॉ. राज ने भी संबोधित किया।

### किया आत्मीय स्वागत

डॉ. बघेल के आष्टा आगमन पर शिवालय हॉस्पिटल परिवार की ओर से प्रमुख डॉ. कुणाल राय, प्रबंधक नवीन जैन, डॉ. लावण्या वी., राहत अली, अजीत जैन एवं स्टाफ सदस्यों ने दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पहारों से ढोल-ढमाके के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन हॉस्पिटल के प्रबंधक नवीन जैन ने किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जावर खंड में गोष्टी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जावर खंड मे प्रमुख गोष्टी रखी गई। गोष्टी मे उपस्थित रहे अतिथि विभाग सह संघ चालक बाबुसिह, खंड संघ चालक जीवन सिंह, मुख्य वक्त प्रान्त सह बौद्धिक प्रमुख प्रमोद का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने संघ पंच परिवर्तन के विषय को लेकर समाज परिवर्तन के बारे मे बताया।

संघ के पंच परिवर्तन- स्व का बोध स्व भाषा स्व भुस स्व भोजन स्व भजन यहा हमारे घर का होना चाहिए। पुरे परिवार के साथ भोजन सप्ताह मे एक बार साथ करना, साथ भजन समरसता के साथ समाज के लोगो के साथ रहना चाहिए। नागरिक राष्ट्रीय की सम्पति को नुकसान करने से पहले हमे सोचना चाहिए की यहा हमारी सम्पत्ति हमारे द्वारा दिये गये टेक्स से बनी है ओर अंतिम विषय पर्यावरण जो कि पुरे विश्व कि समस्या बनी हुई है। उसका हमे सभी समाज को सोचना पड़ेगा कि अगर पर्यावरण ही सही नही रहेगा तो हम सब भी बिमारीयो मे घीरते चले जायेगे। इन विषय को लेकर गोष्टी का आयोजन रखा था। बैठक के अन्त मे राष्ट्रीय गीत कर बैठक का सम्पन्न हुई।